प्रेस विज्ञप्ति

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## किसान चौपाल का आयोजन

पन्तनगर। 21 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम तिलपुरी, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–गदरपुर व रामनगर, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–केलाखेड़ा में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन, डा. बृजेश सिंह, परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला एवं पशु पालन के सभी तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। सह–परियोजना अधिकारी डा. संजय चौधरी द्वारा पशुपालकों की समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने की जानकारी दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण कुमारी अराधना फुलार एवं धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 42 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




*किसान चौपाल में पशुपालकों को जानकारी देते वैज्ञानिक।*

**निदेशक संचार**